संदेश

बैसाखी, विशु, विषुव, बोहाग बिहू, पोइला बैसाख, मेषादी, वैशाखादि और पुत्तान्डु के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

फसल तैयार होने की खुशी में देशभर में विभिन्न रूपों में मनाए जाने वाले ये पर्व धरती माता और अन्नदाता किसान भाई-बहनों के प्रति कृतज्ञता का बोध कराते हैं। साथ ही, ये त्योहार हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कृषि परंपरा और सामुदायिक एकता को भी अभिव्यक्त करते हैं।

मैं कामना करती हूं कि ये त्योहार सबके जीवन में अधिक खुशहाली और समृद्धि लेकर आएं तथा हमें अपने राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करें।

****